इस पुस्तक का प्रकाशन स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार व यु० एस० ऐड०
के सौजन्य से संभव हुआ

बस्ती सेविका स्वास्थ्य शिक्षा

एवं

निर्देश पुस्तिका

डिपार्टमेंट आफ पीडियाट्रिक्स मौलाना आजाद मेडिकल कालेज के लिए
सच-सोसाइटी फार एक्शन इन कम्यूनिटी हैल्थ द्वारा तैयार
(आफिस डी-1, गुलमोहर पार्क नई दिल्ली - 110049)

विषय सूची

	पेज नं.
बस्ती सेविका से दो शब्द	1
सभी माता-पिता के लिए 10 सन्देश	2
प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा क्या है ?	4
बच्चों के लिए टीके का प्रोग्राम	5
टीकाकरण	6
बच्चे का भोजन	8
बच्चे की बढ़ोत्री	11
दस्त	13
गर्भपात	17
गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं का आहार	20
गर्भावस्था	21
खतरे वाली गर्भावस्था और प्रसव	25
परिवार नियोजन (छोटा परिवार)	29
कुछ गम्भीर बीमारियां	31
मरीजों का इलाज	36
सफाई के नियम	38
वातावरण एवं स्वास्थ्य	39
रिकार्ड रखना	43

बस्ती सेविका से दो शब्द

प्रिय बहन,

नमस्कार ।

मैं आपसे कुछ बातें कहना चाहती हूं । आप स्वयं झुग्गी झोपड़ी बस्ती में रहती हैं और झुग्गी झोपड़ी निवासियों की समस्याओं और परेशानियों से भली भांति परिचित हैं और स्वयं उन परेशानियों के बीच में जी भी रही है ।

कोई भी तरीका ऐसा नहीं है जिसे पकी हुई थाली के समान झुग्गी झोपड़ी निवासियों के सामने परोस दिया जाए और पलक झपकते ही उनकी समस्यायें दूर हो जायें । रास्ता तय करने के लिए आमतौर से छलांग लगाना सम्भव नहीं होता । एक-एक कदम चलकर ही रास्ता तय किया जा सकता है ।

स्वस्थ रहना और बीमार होने पर उसका तुरन्त इलाज मिलना हर इंसान – गरीब या अमीर दोनों की मूलभूत जरूरत और हक है । दुर्भाग्य से झुग्गी झोपड़ी निवासी ऐसे हालात में रहते हैं कि बीमारी से बचना और बीमार होने पर तुरन्त इलाज प्राप्त करना दोनों ही मुश्किल हो जाते हैं । इससे उनके कामकाज में भी हानि पहुंचती है और रुपये पैसे की कठिनाई और भी बढ़ जाती है । इसलिए झुग्गी झोपड़ी निवासियों की हालत सुधारने और उनको इज्जत की जिन्दगी जीने का मौका देने के लिए उनके स्वास्थ्य और सेहत में सुधार करना सबसे ज्यादा जरूरी है ।

झुग्गी झोपड़ी बस्ती में से ही महिला कार्यकर्त्ताओं को ढूंढकर उनको स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता के रूप में ट्रेनिंग देना इस दिशा में पहला जरूरी कदम है । इन प्रशिक्षित महिला कार्यकर्त्ताओं को हमने बस्ती सेविका का नाम दिया है । इसका अर्थ यह है कि इन कार्यकर्त्ताओं में हमदर्दी और सेवा की भावना का होना सबसे जरूरी है । इसी हमदर्दी और सेवा की भावना से वे अपने काम को समझ सकती हैं और तसल्ली के साथ एक-एक सीढ़ी चढ़कर इस काम को सफलता की चोटी तक पहुंचा सकती है।

किसी भी मकान की मजबूती उसकी नींव पर निर्भर करती है । आप इस पूरे स्वास्थ्य कार्यक्रम की नींव है । आपके काम से ही, आपकी मजबूती से ही, नर्स, डाक्टर, सरकार सबको इस कोशिश में सफलता मिल सकती है । आपके काम के बिना झुग्गी झोपड़ी निवासियों तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाना और उनके स्वास्थ्य तथा सेहत में सुधार करना संभव नहीं है ।

मुझे पूरी उम्मीद है कि आपको अपनी इतनी बड़ी जिम्मेदारी का पूरा अहसास रहेगा । आप अपने काम को बुद्धिमानी से समझेंगी और पूरी लगन तथा ईमानदारी के साथ पूरा करेंगीं । मैं फिर से दोहराऊंगी कि आपके काम के ऊपर ही हमारी संस्था की और सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं, नर्सों, डाक्टरों, डिस्पेंसरियों तथा अस्पतालों की सफलता निर्भर है ।

आपकी मदद करने के लिए मैं हमेशा आपके साथ हूं । जय भारत ।

आपकी
डा0 कमला गणेश
प्रोफेसर, महिला एवं जच्चा रोग विभाग
लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, नई दिल्ली
व
अध्यक्ष
सच सोसाइटी फार एक्शन इन कम्यूनिटी हैल्थ

सभी माता-पिता के लिए 10 सन्देश

माता और बच्चे की अच्छी सेहत के लिए

1. बच्चे का जन्म कब	• 18 वर्ष की उम्र से पहले नहीं । • दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम दो साल का अन्तर । • दो या तीन बच्चे बस ।
2 गर्भावस्था में मां की सुरक्षा	• स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता द्वारा या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव पूर्व नियमित जांच । • **प्रशिक्षित दाई** या **नर्स** द्वारा प्रसव कराना ।
3. जन्म के बाद बच्चे (शिशु) की खुराक	• पहले 3-4 महीनों में **केवल मां का दूध** । • 4-6 महीने की उम्र और उसके बाद मां का दूध एवं अन्य खाद्य पदार्थ ।
4. 3 वर्ष तक के उम्र में बच्चे की खुराक संबंधी विशेष जरूरत	• दिन में 5-6 बार भोजन । • मसली हुई सब्जियां (उबली) और वसा (तेल या घी) मिलाकर भोजन को पौष्टिक बनाना (अधिक ताकतवर) ।
5. दस्त की बीमारी में क्या करें ?	• बच्चे के शरीर से अधिक पानी निकलने से बच्चे की मृत्यु भी हो सकती है । • पानी की कमी को पूरा करने के लिए बच्चे को सही प्रकार के तरल पदार्थ दें । – मां का दूध – पतला सत्तू – सूप या दाल – जीवन रक्षक घोल (ओ.आर.एस.)
6. टीकाकरण	• बहुत सारी बीमारियों से बच्चे के विकास (बढ़ोत्तरी) में कमी, विकलांगता और मृत्यु भी हो सकती है । • टीकाकरण इन बीमारियों से रक्षा करता है • बच्चे को 1 वर्ष की उम्र के भीतर सभी टीके लगवा लेने चाहिए । • प्रत्येक महिला को जो गर्भ धारण कर सकती है टिटेनस का टीका लगवाना चाहिए ।

- अगर किसी कारणवश आप अपने बच्चे को टीके नहीं लगवा पाई तो आज ही उसे बचाव के के टीके लगवाएं ।

7. बच्चों में खांसी जुकाम

- आम तौर पर अपने आप ठीक हो जाते हैं ।
- खांसी के साथ तेज-तेज सांस चल रही हो या बच्चा खा पी न रहा हो तो बच्चा गम्भीर रूप से बीमार है । उसको तुरन्त अस्पताल/स्वास्थ्य केन्द्र ले जाना आवश्यक है ।
- सामान्य भोजन और तरल पदार्थ अधिक मात्रा में देने चाहिए ।

8. मुंह के रास्ते रोग के कीटाणुओं का प्रवेश करना है दस्त की बीमारी

- बचाव के लिये शौचालय का प्रयोग करें । खुले में शौच न करें ।
- शौच के बाद और प्रत्येक बार भोजन करने से पहले साबुन और पानी से हाथ धोयें ।
- खाने और पीने के पानी को साफ रखें ।
- पानी को उबालकर पीयें (यदि साफ पानी उपलब्ध न हो) ।

9. बीमारी के बाद बच्चे को खाना

- बीमारी से बच्चे की सामान्य बढ़ोत्तरी (विकास) में रुकावट आती है ।
- ठीक होने के बाद 7 दिन तक बच्चे को सामान्य से अधिक खाना दें ।

10. बच्चे का हर महीने वजन करें

- 6 महीने से 3 वर्ष तक की उम्र में ।
- यदि दो महीने लगातार वजन न बढ़े तो गड़बड़ी है ।

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा (प्राइमरी हैल्थ केयर) क्या है ?

भारत, विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक सदस्य देश है और इसकी प्रतिज्ञा है कि सन् 2000 ईस्वी तक प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य उपलब्ध कराया जायेगा । यह महान उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है जब स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता और आम लोग मिल-जुलकर कार्य करें ।

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा इस उद्देश्य को प्राप्त करने का साधन है । इसके आठ आवश्यक अंग इस प्रकार हैं :

1. स्वास्थ्य समस्याओं, उनके बचाव और नियन्त्रण के तरीकों के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा
2. भोजन की उपलब्धि तथा उचित पोषण का विकास
3. सुरक्षित पेय जल और मूल सफाई (स्वच्छता, सेनिटेशन) की पर्याप्त सुविधा
4. मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवा एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम
5. स्थानीय रोगों की रोकथाम और नियन्त्रण
6. मुख्य छूत के रोगों के लिए टीकाकरण
7. आम और रोजमर्रा की बीमारियों और चोटों का इलाज
8. आवश्यक दवाइयों की उपलब्धि

स्वास्थ्य शिक्षा

स्वास्थ्य शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तियों, परिवारों और समूहों के ज्ञान, रवैयों और व्यवहारों (आदतों) में इस प्रकार के परिवर्तन लाना है जिससे वे –

- स्वस्थ जीवन जी सकें
- बीमारियों से बच सकें
- रोगों का उपचार कर सकें या समय रहते उचित इलाज करवा सके
- बीमारी के पश्चात पुनर्वास हो सके ।

अगर बस्ती सेविका अपने रोजमर्रा के कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान कर रही है तो वह अपना कार्य ठीक प्रकार से कर रही है । **स्वास्थ्य शिक्षा उसकी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है ।**

बच्चों के लिए टीके का प्रोग्राम

परिचय

आपको ध्यान होगा या आपने सुना होगा कि अब से कुछ वर्ष पहले बच्चों को जन्म के उपरान्त चेचक का टीका लगाया जाता था । इस टीके से हाथ के ऊपर गोल निशान पड़ जाता था । इस गोल निशान के कारण ही शायद अंग्रेजी के शब्द इम्यूनाईजेशन (सुरक्षित करना) का नाम परम्परागत तौर पर टीका पड़ गया ।

पहले देश में हजारों बच्चे चेचक की बीमारी के कारण अंधे हो जाते थे व लाखों बच्चे मर जाते थे । क्योंकि इस भयानक रूप से फैलने वाले रोग को रोकने का कोई साधन नहीं था इसलिए इसे देवी का प्रकोप मान लिया जाता था । यह बीमारी एक साथ हर एक व्यक्ति, पूरे गांव, पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लेती थी इसलिए इसे महामारी भी कहा जाता था ।

लेकिन टीका लगाने के प्रोग्राम को देशव्यापी स्तर पर गांव-गांव और बस्ती-बस्ती में चलाने से इस रोग का प्रकोप कम होता गया और पिछले दस वर्ष से न केवल भारत देश से बल्कि पूरी दुनिया से इस महामारी का नामोनिशान मिट गया है । आज से दस वर्ष पहले कोई इस अद्भुत काम की कल्पना भी नहीं कर पाता था । इस प्रयास में मुख्य भूमिका विश्व स्वास्थ्य संगठन, देशभर के डाक्टरों और गांव-गांव, बस्ती-बस्ती में कार्य करे रहे लाखों स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं की है ।

यद्यपि चेचक जैसी भयानक महामारी का अन्त हो गया है लेकिन अभी भी अनेक ऐसी बीमारियां हैं जिनसे लाखों नवजात शिशु और छोटे बच्चे हमारे देश में या तो मर जाते हैं या लंबे समय तक रोगग्रस्त हो जाते हैं । इनमें से दस्त लगना और न्यूमोनिया जैसी आम बीमारियां ऐसी हैं जिनकी रोकथाम के लिए वैज्ञानिक और डाक्टर अभी तक कोई प्रतिरोधक टीका तैयार नहीं कर पाए हैं । **लेकिन बच्चों को होने वाली कुछ आम भयानक बीमारियां ऐसी हैं जिनकी रोकथाम के लिए प्रतिरोधक टीके बने हुए हैं जैसे–पोलियो, खसरा, तपेदिक इत्यादि ।**

दुर्भाग्य की बात यह है कि आज भी लाखों बच्चे इन बीमारियों का शिकार हो रहे हैं । यह हमारे समाज और देश के लिए न केवल चिन्ता का विषय है बल्कि हमारे माथे का कलंक भी है । इस कलंक को धोने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता की है ।

टीकाकरण

टीकाकरण एक प्रक्रिया है जिससे शरीर की रोग के कीटाणुओं से लड़ने की शक्ति को बढ़ाया जाता है । इसमें कुछ बीमारियों से बचाव के लिए टीका लगाया जाता है और पोलियो से बचाव के लिए दवाई पिलाई जाती है । यह एक आसान तरीका है जिसमें चाहे बच्चे को एक-दो दिन बुखार आदि हो सकता है परन्तु वह कई भयंकर जानलेवा बीमारियों से बच जाता है । बच्चे को स्वस्थ रखने के लिए उसे टीका लगवाना व पोलियो की दवाई पिलवाना आवश्यक है ।

जिन छः बीमारियों के विरुद्ध टीकाकरण का प्रोग्राम चलाया जा रहा है उनके नाम इस प्रकार हैं : **तपेदिक (टी.बी.), खसरा, काली खांसी, पोलियो, टेटेनस (धनुवात) व डिफ्थीरिया (गलघोंटू)** । हर साल देश भर में दस लाख नए लोग टी.बी. का शिकार हो जाते हैं । कई लाख बच्चे पोलियो से अपंग हो जाते हैं । खसरे जैसी बीमारी बच्चे को कमज़ोर बना देती है व कई बच्चे इस बीमारी के कारण मर जाते हैं । हमें इन बीमारियों के बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए व इनसे बचाव का तरीका अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए ।

टी.बी. या तपेदिक रोग से –

- बच्चा थका-थका सा रहता है ।
- वह कमज़ोर पड़ने लगता है व वजन कम हो जाता है ।
- लम्बे समय तक बुखार व खांसी रहती है ।
- टी.बी. से बच्चों के गर्दन में गांठ हो सकती है, कूबड़ निकल सकता है या दिमाग की टी.बी. होने से बच्चा मर भी सकता है ।

इस रोग से बचाने के लिए अगर जन्म पर टीका लगवाया जाए तो बच्चा स्वस्थ रह सकता है। यह टीका बाईं तरफ कंधे पर लगाया जाता है व इससे दो से चार हफ्ते बाद एक छोटा सा फोड़ा निकल आता है जो अपने आप ठीक हो जाता है ।

पोलियो रोग

- इस बीमारी से बच्चे अपंग हो सकते हैं या मर भी सकते हैं ।
- पोलियो होने से पहले बच्चे को बुखार आता है उसके हाथ पांव में दर्द होता है और फिर अचानक हाथ या पांव में लकवा मार जाता है । एक बार लकवा मार जाने पर पूरी तरह से ठीक होना बहुत कठिन होता है ।

इस बीमारी से बचाने के लिए बच्चे को $1\frac{1}{2}$ महीने की उम्र से हर महीने पोलियो की दवा की बूंदें पिलानी चाहिए । ऐसी तीन खुराक देने से बच्चा इस बीमारी से बच सकता है ।

डिफ्थीरिया (गलघोंटू) की बीमारी

- यह बीमारी भी जानलेवा हो सकती है ।
- इस बीमारी में बच्चे के गले में सूजन आती है व उसे सांस लेने में बहुत तकलीफ होती है।
- बच्चा बहुत बीमार दिखता है व ठीक से खाना भी नहीं खाता ।
- बीमारी बढ़ जाने पर दिल पर भी असर आ सकता है व बच्चा मर भी सकता है ।

काली खांसी

यह बीमारी बच्चे को परेशान तो करती ही है इसके अलावा यह बच्चे को कमज़ोर कर देती है। इस बीमारी में बच्चा खांसता ही चला जाता है और खांसी के बाद सांस लेते समय ज़ोर से आवाज़ होती है ।

- तेज़ खांसी से आंखों में खून उतर सकता है ।
- बच्चे को निमोनिया हो सकता है, दिमाग पर असर पड़ सकता है या मर भी सकता है ।

टेटेनस (धनुर्वात)

इस बीमारी के शिकार होने पर ज्यादातर बच्चे मर जाते हैं । टेटेनस होने पर

- बच्चे का जबड़ा बन्द हो जाता है । मुंह ठीक से न खुलने पर बच्चा दूध नहीं पी पाता।
- शरीर कमान की तरह अकड़ जाता है व
- बार-बार दौरे या झटके पड़ते हैं ।

काली खांसी, डिफ्थीरिया व टेटेनस से बचने के लिए डी पी टी का टीका लगाया जाता है । यह टीका एक-एक महीने के अन्तर पर तीन बार लगाया जाता है । जब बच्चा $1^1/_2$ महीने का हो जाये तब यह टीका लगवाना शुरू कर देना चाहिए । नवजात शिशु को टेटेनस से बचाने के लिए गर्भवती मां को दो बार टेटेनस का टीका लगवाना चाहिए ।

खसरा

इन छः बीमारियों में खसरा सबसे खतरनाक बीमारी है । इससे बच्चा मर भी सकता है ।

- खसरे में बच्चे को शुरू में जुकाम, खांसी व बुखार होता है ।
- उसकी आंखें लाल हो जाती हैं व उनसे पानी आता है ।
- चौथे, पांचवें दिन शरीर पर लाल रंग के दाने निकल आते हैं यह दाने मुंह से शुरू होकर शरीर पर बढ़ जाते हैं ।
- खसरे से बच्चा कमज़ोर हो जाता है, उसे निमोनिया हो सकता है, दिमाग पर असर पड़ सकता है और मर भी सकता है ।

खसरे से बचने के लिए बच्चे को 9 महीने की उम्र पर एक टीका लगवाना चाहिए ।

उम्र	टीकाकरण की विधि टीका
जन्म	– बी सी जी (जन्म का टीका)
$1^1/_2$ महीने	– डी पी टी का टीका व पोलियो की पहली खुराक
$2^1/_2$ महीने	– डी पी टी का टीका व पोलियो की दूसरी खुराक
$3^1/_2$ महीने	– डी पी टी का टीका व पोलियो की तीसरी खुराक
9 महीने	– खसरे का टीका
$1^1/_2$ साल	– डी पी टी व पोलियो का पहला बूस्टर
$4^1/_2$ साल	– डी पी टी व पोलियो का दूसरा बूस्टर
	– टाइफाइड के दो टीके, एक महीने के अन्तर पर हर पांच साल बाद टी टी व टाइफाइड का टीका
गर्भावस्था	
6 महीने गर्भ के बाद	– टी टी के दो टीके चार सप्ताह के अन्तराल पर

बच्चे का भोजन

माँ का दूध

ज्यादातर माताएं बच्चे को अपना दूध पिलाती हैं जो कि बहुत अच्छी बात है पर कुछ महिलाएं अपना दूध न देकर बोतल से दूध पिलाती है । यह बच्चे के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है । अक्सर माताएं छोटी सी बात पर बच्चे को ऊपरी दूध पिलाना शुरू कर देती हैं जैसे बच्चे का रोना, रात को उठना । तीन महीने की उम्र तक ऊपरी दूध की जरूरत नहीं होती और माँ का दूध ही बच्चे के लिए एक सम्पूर्ण आहार होता है ।

माँ के दूध के फायदे

1. बच्चे इसे आसानी से पचा लेते हैं ।
2. यह कई संक्रामक रोगों जैसे बार-बार खांसी जुकाम होना, निमोनिया आदि बीमारियों से बचाव करता है ।
3. माँ के दूध पीने वाले बच्चे को दस्त कम लगते हैं ।
4. माँ का दूध पीने से बच्चे को माँ के साथ लगाव बढ़ता है ।
5. दूध पिलाना माँ के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है ।

बच्चे को माँ का दूध देना कब शुरू करें ?

जन्म के तुरन्त बाद से बच्चे को माँ का दूध पिलाना शुरू कर देना चाहिए । शुरू में एक दो दिन तक जो पीला (कोलोस्ट्रम) सा पदार्थ निकलता है । उसमें बीमारियों से बचाने वाले तत्व होते हैं जो बच्चे के लिए बहुत जरूरी होते हैं । बहुत सी माताएं बच्चे को कोलोस्ट्रम न देकर चीनी, गुड़ या ग्लूकोज मिला पानी या जन्म घुट्टी देती हैं जिससे एक तो बच्चे को पोषण नहीं मिलता, दूसरा माँ का दूध उतरने में दिक्कत होती है । घुट्टी इत्यादि से बच्चा बीमार भी पड़ सकता है ।

बच्चे को कितनी बार दूध पिलाएं ?

1. जब भी बच्चे को भूख लगे उसे दूध पिलाना चाहिए चाहे रात ही क्यों न हो । कुछ माताएं सोचती हैं इससे बच्चा हमेशा रात को दूध मांगेगा, ऐसा नहीं है और कुछ हफ्ते बाद बच्चा अपने आप ही रात को उठना बन्द कर देता है ।
2. बच्चे को जितने दूध की जरूरत होती है वह तकरीबन दस मिनट में पी लेता है । बच्चे को हर बार दोनों छातियों से बारी-बारी दूध पिलाना चाहिए ।
3. बच्चे को दूध पिलाकर कन्धों से लगाकर उसकी पीठ को थपथपाना चाहिए जिससे कि वह डकार ले ले । इससे बच्चा दूध नहीं उगलता ।
4. माँ का दूध पीने वाले बच्चे को पीला सा चिपचिपा पाखाना आता है । यह थोड़ा-थोड़ा फटा सा, हरे रंग का भी हो सकता है । यह एक सामान्य बात है ।
5. जब तक हो सके माँ बच्चे को अपना दूध पिलाती रहें । कम से कम एक साल की उम्र तक माँ का दूध पिलाना ही चाहिए ।

माँ के दूध के अलावा और क्या-क्या खिलाना चाहिए ?

शुरू के चार महीने में बच्चे के लिए सिर्फ माँ का दूध काफी होता है पर इसके बाद बढ़ते हुए बच्चे को अतिरिक्त भोजन की जरूरत होती है । अगर बच्चे को ठीक उम्र से अतिरिक्त भोजन न मिले तो उसका विकास रुक जायेगा और बच्चा कमजोर होता जायेगा, इसलिए जब बच्चा चार महीने का हो जाए तो माँ के दूध के अलावा ऊपरी खाना देना बहुत जरूरी है ।

खाने की कौन सी चीज दें ?

शुरू में पतली खीर दें । यह सूजी, चावल आदि से बना सकते हैं । धीरे-धीरे यह गाढ़ी कर सकते हैं । एक-एक करके मसला हुआ केला, आलू, खिचड़ी, दलिया, दाल, पका कर मसली हुई सब्जियाँ, साफ सुथरा निकाला फल का रस दे सकते हैं । इस उम्र पर माँ के दूध के अलावा ऊपर का दूध भी दिया जा सकता है । इसमें पानी नहीं मिलाना चाहिए नहीं तो बच्चा कमज़ोर रह जाएगा । बच्चा जब सात आठ महीने का हो जाए तो उसे रोटी को दूध या सब्जी के रसे, घी या तेल में मसलकर भी दे सकते हैं ।

किन बातों का ध्यान रखें ?

1. ताज़ा पका हुआ खाना दें ।
2. सफाई रखें । खाना बनाने से पहले हाथ धोयें । खाने के बर्तन को साफ रखें । बर्तन मिट्टी के बजाय राख से साफ करें । खाना ढककर रखें ताकि यह धूल और मक्खियों से बचा रहे ।
3. बच्चे के लिए अलग बर्तन में परोसे ताकि पता चले कि बच्चा कितना खाता है ।
4. मात्रा शुरू से एक दो चम्मच, बाद में आधी या पूरी कटोरी दें ।
5. खाने में क्या न दें ? – फली, सख्त सब्जियां जिनकी रेशें नहीं गलते जैसे कि भिंडी आदि न दें ।
6. खाने में मिर्च, मसाले न दें ।
7. खाना न ज्यादा गर्म हो, न ज्यादा ठण्डा हो ।
8. खाने के समय जोर-जबरदस्ती न करें । जबरदस्ती करने से बच्चे को खाने से चिढ़ होने लगती है ।

कुछ गलत धारणाएं

कुछ लोग सोचते हैं कि मौसमी, सेब, अंगूर और अनार इत्यादि महंगे फल सेहत के लिए अच्छे होते हैं लेकिन ऐसी बात नहीं है । चीकू, अमरूद, केला इत्यादि सस्ते होते हैं और ज्यादा ताकत देते हैं ।

4-5 महीने तक की उम्र के बच्चे की खुराक

ऊपर का दूध, जूस, पतली सूजी की खीर इत्यादि शुरू करें । मसला हुआ आलू व केला भी दिया जा सकता है ।

5-6 महीने तक के बच्चों की खुराक

अन्न से बनी चीज़े जैसे दलिया, खिचड़ी । इनमें थोड़ा घी या तेल अधिक डाल दें। सब्जियाँ, दाल आदि भी मसल कर दी जा सकती है ।

7-8 महीने तक के बच्चों को

घर में तैयार होने वाली सभी चीज़ें चार पाँच बार दी जा सकती है । इसके अलावा दही, अण्डा, खीर, दलिया, डबलरोटी, रोटी को दाल, दूध वगैरह में भिगोकर दिया जा सकता है ।

अण्डा हमेशा पका कर दें । पहले केवल जर्दी व बाद में पूरा अण्डा दिया जा सकता है । बच्चे के दांत भी इस उम्र में आ चुके होते हैं । उसे कुचलने के लिए रोटी का टुकड़ा, बिस्कुट या गाजर दिया सकता है । उसे खुद खाने का बढ़ावा देना चाहिए ।

9-10 महीने के बच्चे का भोजन

खाने की मात्रा धीरे-धीरे बढ़ायी जा सकती है । एक से तीन साल की उम्र के बच्चे को घर में तैयार सभी चीज़ें खाने के लिए देनी चाहिए ज्यादातर माताएं बच्चे को विभिन्न प्रकार के पदार्थ तो देती हैं लेकिन इतनी कम मात्रा में देती हैं कि बच्चे की जरूरत पूरी नहीं हो पाती । एक साल की उम्र के बच्चे को माँ के खाने का आधा हिस्सा खिलाया जा सकता है । इसके बाद खाना धीरे-धीरे बढ़ता रहता है ।

अन्य प्रकार के दूध

माँ का दूध बच्चे के लिए सबसे अच्छा होता है लेकिन अगर किसी कारण से माँ दूध नहीं पिला सकती है तो गाय, भैंस या डेयरी का दूध उबालकर ठंडा करके दे सकते हैं । इसमें पानी नहीं मिलाना चाहिए । यह दूध बच्चे को साफ कटोरी, चम्मच से पिलाना चाहिए । **बोतल** से दूध पिलाना बच्चे की **जान के लिए खतरनाक** हो सकता है । तीन-चार महीने के बच्चे को कटोरी, चम्मच से दूध आराम से पिलाया जा सकता है । इसके लिए कुछ धीरज और मेहनत की जरूरत होती है ।

बच्चे को खाने की जरूरत उसके बढ़ने व शक्ति के लिए होती है । अगर बच्चों को पूरी तरह से खाना नहीं दिया जाए तो **उसे सूखे का रोग हो जाता है** ।

सूखे के रोग में या तो बच्चे के मुँह, पैर पर सूजन आ जाती है, वह चिड़चिड़ा हो जाता है और इसकी चमड़ी सूख कर उतर जाती है । या वह सूख कर बहुत पतला हो जाता है ।

उसे बार-बार दस्त लग जाते हैं, फोड़े-फुंसियां निकल सकते हैं और निमोनिया भी हो सकता है, वह मर भी सकता है ।

इसका इलाज एक ही तरह से होता है । **वह है बच्चे को दैनिक आहार उचित मात्रा में दिया जाए जिससे कि बच्चा पूरी तरह से बढ़ सके और शक्ति प्राप्त कर सके** । इस बीमारी के उपचार में महंगे टॉनिक या फल इत्यादि देने से कोई फायदा नहीं होता है ।

बच्चे की बढ़ोत्तरी

नियम से हर महीने वजन में वृद्धि बच्चे के स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण सूचक है ।

- यदि बच्चे के **वजन में नियमित-लगातार वृद्धि** हो रही है तो बच्चे को कोई बीमारी नहीं है ।
- यदि बच्चे के वजन में वृद्धि नहीं हो रही है तो जरूर कोई गम्भीर खराबी है जिसके लिए कुछ करना आवश्यक है ।
- इसलिए नियम से हर महीने वजन करना बहुत जरूरी है जिससे बढ़ोत्तरी की गति में कमी को शुरू में ही पहचाना जा सके ।

ग्रोथ मानिटरिंग

बच्चे का वजन करना

पाँच साल से कम उम्र के बच्चों को झूले में डालकर वजन करना चाहिए । इस उम्र के बच्चों का भार दूसरी भार तोलने की मशीन पर ठीक से नहीं हो पाता है क्योंकि वह खड़े नहीं हो सकते हैं और वे हाथ पैर बहुत चलाते हैं ।

भार तोलने का तरीका

बच्चे को झूले में लिटा दो । बच्चे का भार मशीन पर देखो। उसमें से झूले का भार घटा दो। बाकी बच्चे का भार है ।

कार्ड पर लिखने का तरीका

पाँच साल से नीचे, बच्चों के लिए कार्ड में भार भरना बहुत जरूरी है । इससे हमें पता चल जाता है कि बच्चा तन्दुरुस्त है या नहीं ।

कार्ड में नीचे की तरफ महीनों में उम्र लिखनी होती है । दूसरी तरफ (साइड में) भार किलो में लिखना होता है । कार्ड में एक लाइन छपी होती है । बच्चे का भार इस लाइन से नीचे हो तो बच्चा कमजोर है । अगर बच्चे का वजन इस लाइन से ऊपर है तो बच्चा सेहतमंद है ।

भारतीय बच्चों के विभिन्न उम्र पर अंदाजन वजन

उम्र	वजन
जन्म	3 कि.ग्रा.
6 महीने	7.5 कि.ग्रा.
1 वर्ष	9.5 कि.ग्रा.
2 वर्ष	11.5 कि.ग्रा.
3 वर्ष	14.0 कि.ग्रा.
4 वर्ष	15.5 कि.ग्रा.
5 वर्ष	17.5 कि.ग्रा.

अलग-अलग उम्र के बच्चों के वजन और ऊंचाई में बहुत भिन्नता होती है । कुछ बच्चे लंबे होते हैं और कुछ छोटे होते हैं । कुछ मोटे होते हैं कुछ पतले होते हैं ।

ज्यादा जरूरी बात यह है कि बच्चे का वजन लगातार, हर महीने, सही रफ्तार से बढ़ रहा हो।

कमज़ोर बच्चों को अक्सर दस्त व निमोनियां हो जाते हैं । इनका इलाज अस्पताल में करायें। ये बीमारियां कमज़ोर बच्चे के लिए घातक होती हैं ।

- स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता संभावित कारण माता पिता से बातचीत कर पता कर सकता है –

  – क्या बच्चे को माता का दूध मिल रहा है ?

  – क्या पाउडर का दूध :–

    ज्यादा पानी मिला हुआ
    गंदे पानी में घुला हुआ
    गंदी बोतल से पिलाया जा रहा है ?

  – क्या माँ के दूध के अतिरिक्त कुछ अन्य अतिरिक्त खाद्य पदार्थ भोजन में जोड़ने शुरू किये हैं ?

  – क्या अतिरिक्त खाद्य पदार्थ में मसली हुई सब्जियां और तेल प्रतिदिन मिलाया जा रहा है?

  – क्या बच्चे को टीके लगे हैं ?

  – क्या बच्चे को बार-बार दस्त लगते हैं ?

  – क्या माता को जानकारी है कि पानी की कमी से कैसे बचाव किया जाय ?

  – क्या भोजन स्वच्छ रखा जाता है ?

  – क्या दस्त के समय/बीमारी में भोजन रोक दिया जाता है ?

  – क्या भोजन के पहले और शौच के बाद हाथ धोये जाते हैं ?

  – क्या बीमारी के पश्चात् बच्चे को अधिक भोजन खिलाया जाता है ?

  – क्या घर में खाने को काफी है ?

दस्त

जब किसी को पतली टट्टी आने लगे उसे दस्त कहते हैं । इनकी संख्या कुछ भी हो सकती है। यह आँव या खून वाली भी हो सकती है । माँ का दूध पीने वाले बच्चे की टट्टी थोड़ी पतली होती है, इसे दस्त नहीं समझना चाहिए ।

दस्त के कारण

1. ऊपरी दूध का इस्तेमाल करने पर
   - दूध बनाने में सफाई न होने पर
   - दूध देने में सफाई न होने पर
   - बोतल गन्दी होने पर
   - दूध घोलने वाले पानी मे गन्दगी होने पर
2. मक्खियों का खुले हुए दूध और खाने की चीजों पर बैठना ।
3. बर्तनों व हाथों को ना धोने पर (खाना बनाने, खिलाने और शौच जाने के बाद) ।

दस्त होने पर बच्चे को क्या होता है ?

1. शरीर में पानी की कमी हो जाती है ।
2. खाना न पचने के कारण कमज़ो रहती है ।
3. खूनी दस्त से व पानी की कमी से बच्चे की मृत्यु भी हो सकती है ।

पानी की कमी के लक्षण

1. बच्चे को बहुत प्यास लगती है और वह बेचैन हो जाता है ।
2. उसे पेशाब आना बन्द हो जाता है या बहुत कम हो जाता है ।
3. जबान व होंठ सूख जाते हैं ।
4. आँखे अन्दर धस जाती हैं व तालू नीचे दब जाता है ।
5. बहुत कमी होने पर शरीर ठण्डा व ढीला पड़ जाता है बेहोशी भी आ सकती है ।

दस्त से बचाव कैसे करें ?

1. घर की सफाई रखें ।
2. खाना ढक कर रखें ।
3. पाखाना जाने के बाद व बच्चों को खाना खिलाने से पहले हाथ साबुन से जरूर धोयें ।
4. बच्चे को पहले तीन महीने में केवल माँ का दूध दें, अगर ऊपर से दूध देना पड़े तो बिना पानी मिलाए, उबालकर कटोरी-चम्मच से दें । माँ का दूध जब तक हो सके दें ।
5. पानी साफ जगह से लें । एक साल तक की उम्र तक बच्चे को पानी उबाल कर दें ।

दस्त होने पर क्या करें ?

- दस्त होने पर **घबरायें नहीं** ।
- आम तौर पर दस्त की बीमारी 3-5 दिनों में ठीक हो जाती है । **इसमें दवाई देने की जरूरत नहीं होती** ।
- दस्त शुरू होते ही बच्चे को तरल पदार्थ अधिक मात्रा में दें जैसे कि –

  लस्सी

  दाल का पानी

  चावल का मांड

  नारियल का पानी इत्यादि ।
- बच्चे को माँ का दूध और पहले की तरह खाने की सब चीजें भी दें । बीमारी ठीक होने के एक सप्ताह बाद तक बच्चे को सामान्य से कुछ अधिक खाने को दें ।
- जीवन रक्षक घोल का इस्तेमाल करें और बच्चे को पानी की कमी से बचायें ।

बच्चे को डाक्टर के पास कब ले जाएं ?

1. तीन दिनों तक अगर दस्त ठीक न हो ।
2. जब पाखाने मे आँव या खून आने लगे । दस्त के साथ बुखार होने लगे ।
3. उल्टियों के साथ दस्त बहुत ज्यादा हों और रोगी घोल को बिल्कुल पचा न पा रहा हो ।
4. बच्चे की उम्र बहुत छोटी हो ।
5. रोगी को बेहोशी आने लगे या शरीर ठण्डा पड़ने लगे ।
6. बच्चा दूध या पानी न पिये ।
7. अगर पेशाब आना बहुत कम हो जाये या ना आये ।
8. अगर दस्त बहुत दिनों से हों ।
9. अगर बच्चा बहुत कमजोर या सूखे के रोग से पीड़ित हो ।
10. बच्चे में पानी पूरा है या पानी की कमी हो गई है इसको जांचने के लिए कभी भी डाक्टर या नर्स को दिखाएं ।

जीवन रक्षक घोल

1. जीवन रक्षक घोल क्या है ?

प्रत्येक दस्त के साथ शरीर से बहुत सारा पानी निकल जाता है । जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है । जीवन रक्षक घोल पानी में नमक और चीनी मिलाकर तैयार किया जाता है । चीनी और नमक मिला हुआ पानी आसानी से आंतों द्वारा शरीर के अन्दर पहुँच जाता है और शरीर में पानी की कमी दूर हो जाती है ।

2. जीवन रक्षक घोल कैसे तैयार करें ?

(A) **घरेलू तरीका :** भोजन पकाते समय हम नमक की मात्रा सावधानी से नाप कर डालते हैं । यदि नमक कम रह जाय तो भोजन में स्वाद नहीं आएगा । यदि नमक अधिक हो जाए तो भोजन कड़वा हो जाएगा ।

इसी प्रकार जीवन रक्षक घोल बनाते समय हमें नमक और चीनी सावधानी से नापकर मिलानी है, नहीं तो जीवन रक्षक घोल से लाभ नहीं होगा नमक की मात्रा अधिक हो जाने पर लाभ के बजाय हानि भी हो सकती है ।

याद रखें – **जीवन रक्षक घोल में नमक इतना ही मिलाएं कि आंसुओं जितना नमकीन हो । उससे अधिक नहीं ।**

जीवन रक्षक घोल बनाने के लिए एक गिलास पानी लें (200 मिली0 या 200 ग्राम या एक पाव से कुछ कम)

इसमें एक चुटकी नमक (अंगूठा और तर्जनी उंगली को मिलाकर चुटकी बनाएं । पहले पोर तक नमक लें । तथा

दो चम्मच चीनी (चाय का चम्मच लें, सतह तक भरें, सतह से ऊपर न भरें) मिलायें । और जीवन रक्षक घोल तैयार हो गया ।

ध्यान रखने योग्य बातें –

(i) जीवन रक्षक घोल में आधा नींबू भी निचोड़ सकते हैं लेकिन यदि नींबू उपलब्ध न हो तो उसके बगैर भी जीवन रक्षक घोल प्रभावशाली है ।

(ii) यदि पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध है तो पानी उबालकर ठंडा करने की जरूरत नहीं है।

(iii) घोल बनाने के बाद पानी को मत उबालें । पानी ठंडा करने के बाद ही घोल बनाएं ।

(B) सरकार की तरफ से दिल्ली की स्लम बस्तियों में जीवन रक्षक घोल बनाने के लिए पैकेट भी बांटे जाते हैं । इनको आमतौर से ओ.आर.एस. पैकेट के नाम से जाना जाता है । इन पैकेटों से जीवन रक्षक घोल बनाने का तरीका भी समझ लेना चाहिए ।

एक लिटर (एक किलो या पांच गिलास) पानी लें । एक पैकेट को खोलकर पूरा पैकेट इसमें घोल लें । जीवन रक्षक घोल तैयार हो गया । इसको ढ़ककर रख लें । एक बार तैयार होने पर 24 घंटे तक इसका प्रयोग किया जा सकता है ।

ध्यान रखने योग्य बातें –

(i) कई बार महिलाऐं पैकेट में से आधा या चौथाई हिस्सा लेकर अंदाज से घोल बनाती हैं । यह तरीका गलत है । पानी और पैकेट का सही अनुपात में मिलना बहुत जरूरी है । पैकेट को खोलने पर पूरे पैकेट को मिलाकर ही घोल बनाएं । पैकेट बचाने का लालच न करें । यदि और पैकेट न हों तो नमक और चीनी मिलाकर – ऊपर बताए गये तरीके से घर में ही घोल बनाया जा सकता है । इसका भी असर उतना है जितना पैकेट से बनाए गये घोल का ।

(ii) अगर सरकार द्वारा बस्ती में बांटे जा रहे ओ.आर.एस. पैकेट उपलब्ध न हों तो घरेलू तरीके से ही घोल तैयार करें । बाजार से पैकेट न खरीदें । ये मंहगे होते हैं और इनसे कोई विशेष लाभ नहीं हैं ।

(iii) प्रत्येक बार दस्त होने पर जीवन रक्षक घोल पिलाएं°। यदि दस्त के साथ उल्टी भी हो रही हो तो भी जीवन रक्षक घोल पिलाते रहें । सारा घोल उल्टी के साथ बाहर नहीं आता । इसमें से काफी सारा आंतों के रास्ते शरीर में भी पहुँच जाता है ।

(iv) लस्सी, सब्जी का सूप, नारियल का पानी जैसे तरल पदार्थ भी आसानी से आंतों के रास्ते शरीर में पहुँच जाते हैं और शरीर में पानी की कमी को रोकते हैं । दस्त होने के समय इनका सेवन भी करते रहना चाहिए । ये भी उतने ही प्रभावी हैं जितना कि जीवन रक्षक घोल ।

(v) (a) बस्ती सेविका का कर्तव्य है कि बस्ती के लोगों को जीवन रक्षक घोल बनाने का सही तरीका बताएं । उनको स्वयं सही तरीके से घोल बनाकर दिखाएं । बस्ती में घोल बनाने के एक ही तरीके का प्रचार होना चाहिए । अलग-अलग तरीकों के प्रचार से भ्रम फैल जाता है । अगर कोई संस्थाएं ऐसा कर रही हैं तो बस्ती सेविका को उन्हें सावधान करना चाहिए ।

(b) अगर किसी बच्चे में जीवन रक्षक घोल पिलाते हुए भी पानी की कमी होने का संदेह पैदा हो तो बस्ती सेविका को राय देनी चाहिए कि एक बार बच्चे को डाक्टर को अवश्य दिखा लें । इसमें अनावश्यक देरी नहीं करनी चाहिए ।

(c) **दवाइयों का प्रयोग** – आमतौर से दस्त 3-4 दिनों में अपने आप ही ठीक हो जाते हैं । दस्त ठीक करने के लिए दी जाने वाली दवाइयों का प्रयोग गैर-जरूरी है । बहुत बार ये कोई लाभ भी नहीं करती है ।

बस्ती सेविका का कर्तव्य है कि बस्ती के लोगों को समझाए कि इन दवाइयों के ऊपर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है । दस्त अपने आप ही ठीक हो जायेंगे । **घबराना नहीं है । जल्दबाजी न करें** । केवल जीवन रक्षक घोल के सही प्रयोग से पानी की कमी की रोकथाम करें ।

(d) हमारे देश में हजारों बच्चे दस्त की बीमारी से मर जाते हैं । बच्चों की मृत्यु के प्रमुख कारणों में से यह एक है । बस्ती सेविका का कर्तव्य है कि **इस बीमारी की रोकथाम** और इससे होने वाली मृत्यु को रोकने के लिए बस्ती के लोगों को जाग्रत करें और उचित वातावरण तैयार करें । इस बीमारी के कारणों की **सही जानकारी** बस्ती के लोगों को दें । उनके बीच में फैले हुए दस्त की बीमारी के बारे में अन्धविश्वासों की जानकारी करके उन्हें दूर करें ।

लेकिन ये भी ध्यान रखें कि लोग हमेशा अपने अनुभव द्वारा और धीरे-धीरे सीखते हैं । अगर लोग तुरन्त उसका कहना न मानें तो निराश न हो, गुस्सा न हों । धैर्य के साथ सतत प्रयास जारी रखें ।

गर्भपात (एबार्शन)

बस्ती सेविका और दाई को गर्भपात के बारे में मुख्य बातों की जानकारी आवश्यक है क्योंकि अक्सर गर्भपात चाहने वाली महिलाएं उनसे सलाह मांगेंगी या गर्भपात कराने का अनुरोध करेंगी ।

गर्भपात से आप क्या समझते हैं ?

28 सप्ताह या 6 महीने पूर्ण होने से पहले गर्भ नष्ट होने को गर्भपात कहा जाता है । गर्भपात या तो सहज या प्राकृतिक हो सकता है या कृत्रिम ।

सहज या प्राकृतिक गर्भपात

प्राकृतिक गर्भपात तब कहते हैं जब महिला स्वयं गर्भपात नहीं चाहती लेकिन गर्भ स्वयं समाप्त हो जाता है । यह एक गर्भावस्था में हो सकता है या लगातार 2-3 गर्भावस्था में भी हो सकता है। आमतौर से ये महिलाएं दाई से सलाह लेती हैं । जिस महिला को गर्भपात की आशंका हो उसे अस्पताल भेज देना चाहिए जिससे बार-बार गर्भपात होने के कारणों की जांच की जा सके और इसे रोककर गर्भ पूरे महीनों तक प्रगति कर सके ।

सहज या प्राकृतिक गर्भपात को कैसे पहचानें ?

इसमें गर्भवती महिला योनि के रास्ते रक्तस्राव की शिकायत करेगी जो कि कम या अधिक हो सकता है । इसके बाद पेट या कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है । ऐसी महिला को तुरन्त अस्पताल भेज देना चाहिए ।

कृत्रिम गर्भपात

कई बार महिला को अनचाहा गर्भ ठहर जाता है और वह इसको नष्ट या समाप्त कराना चाहती है । इसको कृत्रिम गर्भपात कहते हैं । ऐसी महिला कुंवारी हो सकती है या शारीरिक अथवा मानसिक रूप से बीमार हो सकती है । कई बार उसके पास बहुत छोटा बच्चा होता है और वह और बच्चा नहीं चाहती या कई बार गर्भनिरोधक उपायों के प्रयोग में कोई कमी रह जाने से गर्भ ठहर जाता है।

यह जानना बहुत जरूरी है कि यदि कृत्रिम गर्भपात ठीक तरीके से न किया जाए तो महिला को गम्भीर समस्याऐं खड़ी हो सकती हैं और जान को भी खतरा पैदा हो सकता है । इसलिए कृत्रिम गर्भपात को परिवार नियोजन के उपाय के रूप में नहीं प्रयोग करना चाहिए ।

- यदि कृत्रिम गर्भपात करने वाला व्यक्ति पूर्ण प्रशिक्षित नहीं है या उसके पास जरूरी उपकरण नहीं हैं तो लगातार और अत्यधिक गम्भीर रक्तस्राव का खतरा हो सकता है । इससे रक्त की बहुत अधिक कमी हो सकती है या मौत भी हो सकती है ।
- यदि सफाई का पूरा ध्यान न रखा जाए तो **सैप्टिक** हो सकता है जो खतरनाक समस्या है।
- कई बार कृत्रिम गर्भपात से बांझपन भी पैदा हो सकता है ।
- कई दाइयाँ बच्चेदानी में छड़ी इत्यादि घुसाकर खाली कराने का प्रयत्न करती हैं । इससे बच्चेदानी फटने जैसी गम्भीर समस्या पैदा हो सकती है ।

DEV-170
2023

- कृत्रिम गर्भपात कराने के लिए कोई भी दवाई या इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है ।
- कई दाइयाँ बहुत सी जड़ी बूटी, या देसी दवाइयां या इंजेक्शन का प्रयोग कृत्रिम गर्भपात कराने के लिए करती हैं । इन विधियों से या तो कोई सफलता नहीं मिलती या अपूर्ण गर्भपात हो जाता है जिसमें लगातार रक्तस्राव होता रहता है जिससे **खून की कमी** (एनीमिया) होकर जान के लिए खतरा हो जाता है ।
- इसलिए गर्भपात हमेशा अस्पताल में डाक्टर से कराना चाहिए ।

गरीब बस्तियों में जानकारी के अभाव में अक्सर महिलाएं डर या शर्म के कारण डाक्टरी सलाह प्राप्त नहीं कर पातीं । बस्ती सेविका उनको बता सकती हैं कि सरकार ने गर्भपात को कानूनी मान्यता दी है । इससे किसी भी डाक्टर के पास कोई भी महिला बिना किसी अपराध भाव या शर्म या भय के कृत्रिम गर्भपात कराने के लिए जा सकती है । सरकार ने यह कदम महिलाओं के स्वास्थ्य और जिन्दगी की रक्षा करने के लिए उठाया है । बस्ती सेविका और दाई को इसमें महिलाओं को जानकारी और दिशा निर्देश देने का कार्य करना चाहिए ।

आपरेशन के लिए स्वीकृति

महिला को यह स्वयं स्वतन्त्र रूप से तय करने का अधिकार है कि वह अपनी गर्भावस्था को जारी रखना चाहती है या नहीं । इसलिए महिला को अपने पति या संरक्षक की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है ।

बस्ती सेविका की जिम्मेदारी है कि परिवार कल्याण के हेतु वह समझाए कि –

- गर्भपात कराना कब (कौन से महीने में) सुरक्षित है ?
- किस स्थान पर करवाया जा सकता है ?
- आपरेशन के बाद किन सावधानियों की आवश्यकता है ?

कृत्रिम गर्भपात का स्थान

केवल सरकारी अस्पताल या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान जहां सभी साधन उपलब्ध हों।

समय

जितना जल्दी हो उतना बेहतर है ।

- गर्भावस्था के पहले दो महीनों (6 से 10 सप्ताह) में सबसे कम खतरा है । अस्पताल में भर्ती होना भी आवश्यक नहीं है । यदि प्रशिक्षित डाक्टर के हाथों में हो तो 4-6 घण्टे में छुट्टी हो सकती है ।
- 3 महीने की गर्भावस्था के बाद कृत्रिम गर्भपात कराने में ज्यादा खतरा है और इसे किसी बड़े अस्पताल में ही कराना चाहिए जहां पर सभी साधन मौजूद हों । 3-4 दिन तक अस्पताल में भर्ती होना आवश्यक है ।
- कानूनन 5 महीने या 20 सप्ताह तक ही गर्भपात कराने की अनुमति प्राप्त है ।

गर्भपात के बाद सावधानियां

- संतुलित और उत्तम भोजन लेना चाहिए ।
- आराम करना चाहिए ।
- अंदरूनी अंगों को साफ रखना चाहिए । साफ कपड़ों या पैड का प्रयोग करना चाहिए जिनको जरूरत के अनुसार बार-बार बदलना चाहिए ।
- अगर लगातार पेट दर्द बना रहे और रक्तस्राव होता रहे तो फिर से डाक्टर की सलाह लेनी चाहिए ।

दाई की और बस्ती सेविका की भूमिका

- दाई को कृत्रिम गर्भपात नहीं कराना चाहिए और न ही जड़ी बूटी या घरेलू दवाई अथवा इंजेक्शन के प्रयोग की सलाह देनी चाहिए ।
- अस्पताल से सुरक्षित और विश्वसनीय सेवायें प्राप्त करने में उन्हें महिलाओं की मदद करनी चाहिए ।
- महिला का साहस बढ़ाने के लिए उसके साथ अस्पताल जाना चाहिए ।

इस प्रकार गर्भपात से सम्बन्धित बीमारियों और मृत्यु को कम करने में दाई और बस्ती सेविका को अपनी भूमिका अदा करना चाहिए ।

दोहराने की बातें

1. कृत्रिम गर्भपात के लिए **कोई दवाई या इंजेक्शन काम नहीं करता** । हमेशा आपरेशन से ही करना होता है ।
2. कृत्रिम गर्भपात केवल प्रशिक्षित डाक्टर से कराना चाहिए ।
3. दाई को किसी भी तरीके का प्रयोग करके कृत्रिम गर्भपात नहीं कराना चाहिए ।
4. कृत्रिम गर्भपात का सही समय 6 सप्ताह से 10 सप्ताह है । बहुत आवश्यक होने पर 20 सप्ताह तक भी किया जा सकता है ।
5. कृत्रिम गर्भपात सावधानी से न कराने से खून की कमी, सैप्टिक और बांझपन के खतरे हो सकते हैं ।
6. सरकारी अस्पतालों में कृत्रिम गर्भपात की सुविधा सभी महिलाओं को उपलब्ध है । इसमें कोई रोक टोक नहीं । शर्म अथवा संकोच व भय की आवश्यकता नहीं है ।
7. दाई और बस्ती सेविका को कृत्रिम गर्भपात चाहने वाली महिला को ये सुविधा अस्पताल से दिलाने में मदद करनी चाहिए ।

गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं का आहार

गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं को साधारण से ज्यादा खाने की जरूरत होती है । उन्हें अपने व पेट में पनपते बच्चे दोनों के लिए खाना होता है ।

अगर माँ कमजोर है तो उसका बच्चा कमजोर पैदा होता है । कमजोर बच्चे बार-बार बीमार पड़ते रहते हैं और उनका जीना कठिन होता है । स्वस्थ माँ ही बच्चे की बेहतर देखभाल कर सकती है । दूध पिलाने वाली माँ की दूध की मात्रा उसकी खुराक पर निर्भर होती है ।

माँ को खाना कम क्यों मिलता है ?

1. अन्धविश्वासों और बंदिशों के कारण कुछ लोग गर्भावस्था में दाल व सब्जियों को नहीं खाते जबकि यह बहुत जरूरी है । कुछ लोग कुछ खानों को ठंडा या गरम समझकर नहीं खाते । इससे भी कई तरह की कमी हो सकती है ।
2. खाने का ठीक तरह बंटवारा न हो पाना – माँ सबको खिलाकर, खुद बचा-खुचा खाती है । यह काफी नहीं है । इसलिए माँ को आहार की कमी रहती है ।

सुझाव

1. खाना दिन में केवल दो ही बार न खाकर दिन में चार या पाँच बार खाएँ या हर समय के खाने में चपाती व दाल की मात्रा बढ़ाएं ।
2. दालों व हरी सब्जियों का सेवन करें ।
3. दूध, अण्डा, फल और माँस मछली इत्यादि खाएं ।
4. गर्भवती माँ को लोहे (आयरन) और फोलिक एसिड की गोलियाँ नियमित रूप से लेनी चाहिए क्योंकि गर्भावस्था में माँ के शरीर में खून की कमी हो जाती है । लोहे और फोलिक एसिड से खून बनता है ।

एनीमिया या खून की कमी

1. लगभग सभी गर्भवती महिलाओं को खून की कमी होती है जिसका प्रमुख कारण है – खाने में हरी पत्तियों वाली सब्जियों की कमी तथा बच्चों का जल्दी-जल्दी होना ।
2. खून की कमी से महिलाएं जल्दी थक जाती है, उनका साँस फूलने लगता है, चक्कर आते हैं और उन्हें भूख नहीं लगती । कभी-कभी हाथ पैरों पर चींटी सी चलती महसूस होती हैं । खून की कमी माँ और बच्चा दोनों पर बुरा असर करती है । बच्चा कमजोर होता है और बार-बार बीमार पड़ता है ।

एनीमिया से बचाव

1. खाने में अन्न, हरी पत्ती वाली सब्जियाँ, गुड़, मूंगफली, चना, मांस, मछली और अण्डा इस्तेमाल करना चाहिए ।
2. लोहे के बर्तनों में खाना बनाना चाहिए ।
3. गर्भावस्था के आखिरी तीन महीनों में लोहे व फोलिक एसिड की गोलियों का नियमित प्रयोग करना चाहिए ।

गर्भावस्था

1. 20 वर्ष की उम्र से 25 वर्ष की उम्र गर्भ धारण करने और माँ बनने की सबसे उपयुक्त आयु है । कम उम्रमे माँ बनना, माँ तथा बच्चे दोनों के लिए नुकसान देह है । जो स्त्रियाँ बीस बरस से पहले माँ बन जाती हैं उनका शरीर कमजोर हो जाता है और बच्चा होने में ज्यादा दिक्कत होती है । बच्चे का वजन भी कम होता है और अक्सर बीमार रहता है । इसलिए 18 साल से पहले लड़की की शादी न करें और 20 साल की उम्र से पहले उसे माँ न बनने दें ।

2. माँ और बच्चा दोनों का स्वास्थ्य अच्छा रहे इसलिए कोशिश यह होनी चाहिए कि दो बच्चों में चार से पाँच साल का अन्तर होना चाहिए । कम से कम दो साल का अन्तर तो अवश्य होना चाहिए ऐसा इसलिए कहते हैं क्योंकि माँ को बच्चों को दूध पिलाना होता है, पालना होता है और जो कुछ माँ ने अपने शरीर में से बच्चे को गर्भ के दौरान दिया होता है उसे भी पूरा करना होता है ।

   जल्दी-जल्दी बच्चा पैदा करने से माँ का शरीर तो कमजोर होता ही है, साथ ही बच्चा भी कमजोर होता है और पैदा होने पर माँ का शरीर बच्चे का पेट भरने लायक दूध भी नहीं बना पाता (और कई बार तो दूध बिल्कुल भी नहीं उतरता) । 2-3 छोटे बच्चों की एक साथ देखभाल करना बहुत कठिन है और माँ थक जाती है ।

3. गर्भवती होने के दो महीने के अन्दर डाक्टर/स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता या प्रशिक्षित दाई को इस बारे में बताकर स्वास्थ्य केन्द्र में अपना नाम लिखा लेना चाहिए ।

4. नाम लिखाने के बाद जैसा डाक्टर या नर्स कहे वैसे उनके पास जाते रहना चाहिए या जब वह आपके पास आये तो उनसे आप अपनी जाँच कराते रहें जिससे कि यह पता लग सके कि बच्चा पेट में ठीक तरह से पल रहा है और कहीं माँ के शरीर में किसी प्रकार की कमी तो नहीं है । अगर किसी प्रकार की कमी है तो उसे दूर किया जा सकता है ।

5. गर्भावस्था में जो काम पहले से रोज किये जाते हैं, वे करती रह सकती हैं । जब आप थकने लगे तो आराम करके ही आगे काम करें । भारी वजन न ढोएँ ।

6. रोज नहाना चाहिए । कपड़े साफ सुथरे और ढीले पहनने चाहिए ।

7. बीड़ी, सिगरेट और नशीली दवाएँ बच्चे पर बुरा असर करती हैं । इसलिए गर्भावस्था में इनका प्रयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए ।

8. आखिर के दो महीनों में सम्भोग नहीं करना चाहिए । नहीं तो गर्भ पर बुरा असर पड़ता है । हो सके तो आखिर के महीने में यात्रा भी न करें ।

9. भोजन (गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं का आहार वाले पाठ में देखें) ।

10. गर्भावस्था में टिटेनस के दो टीके जरूर लगवाने चाहिए । यह कम से कम एक महीने के अन्तर पर लगते हैं । दूसरा टीका बच्चे के जन्म से कम से कम एक महीने पहले लगना चाहिए ।

पहला टीका तीसरे महीने के बाद लगवा सकते हैं । टिटेनस के टीकों का फायदा माँ तथा नवजात शिशु दोनों को है ।

11. गर्भावस्था के दौरान अगर कभी पैरों में सूजन आ जाए, देखने में धुंधलापन आ जाए, सिर दर्द रहने लगे, पेशाब बार-बार आने लगे या जलनकर आए, योनि से कभी खून आये या अन्य किसी किस्म की दिक्कत हो तो फौरन स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता या डाक्टर को बताएँ । (देखें खतरे वाली गर्भावस्था)

12. डाक्टर की सलाह लिए बिना कोई दवा न खाएँ, नहीं तो बच्चे में खराबी आ सकती है ।

गर्भावस्था के दौरान माता की देखभाल (एंटीनेटल केयर)

एंटीनेटल केयर का अर्थ है

- गर्भवती महिला के स्वास्थ्य की देखभाल
- गर्भवती महिला को उचित सलाह और मार्गदर्शन

इससे माता और नवजात शिशु दोनों की बीमारी दर और मृत्युदर में कमी की जा सकती है ।

गाँवों और शहरों की गरीब बस्तियों में हमारे देश की गर्भवती महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों को इस बात की सही समझ नहीं है । इसलिए वे गर्भावस्था में शुरू से डाक्टरी जाँच नहीं करवाते और कोई समस्या खड़ी होने या बीमारी होने पर ही डाक्टरी मदद लेने के लिए आते हैं ।

हमारे देश में विशेषकर गाँवों और शहरों की गरीब बस्तियों में अधिकतर प्रसव परम्परागत दाइयों द्वारा करवाए जाते हैं । दाइयों ने यह जानकारी और योग्यता अपने परिवार में ही प्राप्त की होती हैं । अगर उनको कुछ मुख्य बातों की सही जानकारी दे दी जाए तो सुरक्षित प्रसव और स्वस्थ बच्चा पैदा कराने में वे बहुत बड़ा योगदान दे सकती हैं ।

1. सामान्य सलाह

अधिकतर केसों में दाई गर्भवती महिला को पहली बार तभी देखती है जब उसे प्रसव कराने के लिए बुलाया जाता है । यह एक गलत व्यवहार है । दाई और बस्ती सेविका को गर्भ ठहरते ही गर्भवती महिला से सम्पर्क स्थापित कर लेना चाहिए । क्योंकि वह लोगों के बीच में ही रहती हैं इसलिए उनको महिलाओं को यह बताने का प्रयास करना चाहिए कि जैसे ही उनको ये आभास हो कि गर्भ ठहर गया है वे बस्ती सेविका और दाई से सम्पर्क करें ।

इससे बस्ती सेविका

- पोषण (खुराक-भोजन)
- सफाई
- आराम, इत्यादि के बारे में सलाह दे सकती है ।

- किसी भी दवाई के प्रयोग से परहेज करना चाहिए विशेषकर गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में । (इससे बच्चों को जन्मगत बीमारियां हो सकती हैं)

2. कब्ज

यह गर्भवती महिलाओं की आम समस्या होती है । तेज दस्तकारक दवाओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे गर्भपात हो सकता है ।

3. खुराक-भोजन

- गर्भवती महिलाओं को अपने खाने की आदतों को सही करना चाहिए ।
- केवल खाने की मात्रा ही नहीं उसके गुण भी महत्वपूर्ण हैं ।
- दिन में थोड़ा-थोड़ा खाना 5-6 बार खाना चाहिए । हमेशा की तरह 2-3 बार खाना नहीं चलेगा ।
- दूध और उससे बनी चीजें (दही, लस्सी, पनीर) खुराक का महत्वपूर्ण हिस्सा होने चाहिए। दूध नहीं हो तो मट्ठा लेना चाहिए जो बहुत उत्तम भोजन है । अगर सम्भव हो तो एक लीटर दूध रोज लेना चाहिए ।
- इसके अतिरिक्त दाल, हरी सब्जी, स्थानीय फल जैसे केला, अमरूद लेने की सलाह देनी चाहिए।
- जो लोग माँस खाते हों उन्हें उबला अण्डा, मछली और मीट खाने की भी सलाह देनी चाहिए।
- **नमक** की मात्रा सामान्य होनी चाहिए । अतिरिक्त नमक के प्रयोग से बचना चाहिए ।
- **घी** परम्परागत तौर से गर्भवती महिला को खाने में बहुत घी दिया जाता है । इसस कोई विशेष लाभ नहीं है सिवाय अधिक वजन बढ़ने के ।
- यह सोचना गलत है कि ज्यादा खाने से बच्चा बड़ा पैदा होगा और प्रसव में परेशानी होगी।
- **अच्छी खुराक से स्वस्थ बच्चा पैदा होगा** और कमजोर कम वजन के शिशु के पैदा होने और कमजोर बच्चों के पालने में होने वाली समस्याओं की सम्भावना कम हो जायेगी ।
- **सुबह के समय मितली की शिकायत** होने के कारण बहुत सी महिलाएं पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं कर पातीं । **इसको कम करने के लिए** मरीज को सलाह देनी चाहिए कि सुबह बिस्तर से उठने से पहले थोड़ा चाय मिश्रित दूध और चपाती (कोई भी सूखी या नमकीन चीज) ले लें । पहले चपाती खायें उसके ऊपर चाय पीयें ।

आराम

सही भोजन के साथ आराम भी बहुत जरूरी है । रात के समय आठ घंटे की नींद और दोपहर के भोजन के बाद दो घंटे की नींद जरूरी है । उनको सामान्य घर का कामकाज करते रहना है लेकिन किसी भारी काम जैसे भारी वजन उठाना या कुएं से पानी खींचना आदि से बचना चाहिए । इन निर्देशों का विशेषकर गर्भावस्था के अंतिम तीन महीनों में पालन करना चाहिए ।

सफाई

सफाई के लिए सही मार्गदर्शन जरूरी है । महिला को गर्भावस्था के दौरान ढीले कपड़े पहनने चाहिए । रोज नहाना जरूरी है । स्तनों की सफाई पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है । इससे निप्पल्स का पीछे खिंचना, दरारें पड़ना, उनमें पस पड़ने से बचाव हो सकेगा । माँ का दूध पिलाने की महत्ता पर गर्भावस्था के प्रारम्भ से ही जोर देना चाहिए ।

वजन करना

गर्भवती माता का नियम से वजन करना बहुत महत्वपूर्ण है । यदि वजन में बढ़ोत्तरी ठीक न हो तो इसका अर्थ है कि बच्चा ठीक ढंग से नहीं बढ़ रहा है इसके विपरीत यदि वजन में बहुत ज्यादा बढ़ोत्तरी हो तो यह गर्भावस्था का जहर फैलने की चेतावनी है ।

यात्रा के समय सावधानियाँ

बहुत बार गर्भवती माताओं को अपने मैके या ससुराल की मात्रा करनी पड़ती हैं । उसे झटके देने वाले वाहनों से बचना चाहिए । गर्भावस्था के अन्तिम महीनों में लम्बी यात्राएं नहीं करनी चाहिए। बस की बजाय रेल से यात्रा करना बेहतर है ।

खतरे वाली गर्भावस्था

हमारे देश में विशेषकर गांवों में और शहर की गरीब बस्तियों में अधिकतर बच्चे घरों में ही पैदा होते हैं । बहुत सारी माताएं और बच्चे गर्भावस्था के दौरान या प्रसव के समय ही मृत्यु का शिकार हो जाते हैं । अन्य माताओं को बहुत अधिक पीड़ा झेलनी पड़ती है । इन कमियों को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि पारम्परिक दाइयों को सुचारु रूप से प्रशिक्षित किया जाय । हमारे कार्यक्रम में बस्ती की पारम्परिक दाइयों की पहचान करने और उनको प्रशिक्षित करवाने की जिम्मेदारी बस्ती सेविका को दी गयी है ।

अधिकतर माताओं में गर्भावस्था और प्रसव का समय सामान्य तौर से गुजरता है और कोई परेशानी या पेचीदगी पैदा नहीं होती है । लेकिन कुछ माताओं की गर्भावस्था या प्रसव ऐसा होता है कि जिसमें गम्भीर परेशानियां पैदा हो जाती हैं जो इनकी जान के लिए भी खतरा बन सकती हैं । इन महिलाओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है । खतरे के निशानों की समय पर पहचान और जच्चा बच्चा केन्द्र या अस्पताल में उनको भेजकर उचित देखभाल कराने से पेचीदगियों और असुविधा से बचा जा सकता है । इसलिए **बस्ती सेविका** और दाइयों को कुछ **खतरे के निशान** सिखाने की आवश्यकता है जिससे कि वे अधिक खतरे वाले मरीजों को पहचान कर उनको जच्चा बच्चा केन्द्र या अस्पताल भेज सकें ।

ऐसे मरीजों की खोज गर्भावस्था में जल्दी से जल्दी हो जानी चाहिए । जल्दी पहचान होने से महिला को ठीक समय पर पर्याप्त डाक्टरी सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिलेगी ।

खतरे की स्थितियां

1. गर्भधारण की संख्या

पहली गर्भावस्था और चौथी गर्भावस्था तथा उसके बाद की ।

2. उम्र बहुत युवा और वृद्ध

जो महिलाएं 18 वर्ष की उम्र से कम या 35 वर्ष की उम्र से अधिक अवस्था में बच्चे को जन्म देती हैं उनमें गर्भावस्था और प्रसव की पेचीदगियां अधिक होती हैं । बड़ी उम्र में पहली बार गर्भवती होने पर प्रसव के दौरान के खतरे के अतिरिक्त जन्मजात बीमारियों वाले शिशुओं को जन्म देने का अधिक खतरा भी होता है । उनको अस्पताल में ही प्रसव कराना सुनिश्चित कराया जाना चाहिए ।

3. महिला की ऊंचाई और वजन

(क) कम ऊंचाई की महिलाओं का गुहाद्वार भी छोटा होता है और आमतौर पर छोटे बच्चें को जन्म देती हैं । लेकिन कई बार बच्चे का आकार गुहाद्वार से बड़ा होता है । ऐसी स्थिति में प्रसव के दौरान मुश्किल पैदा होती है ।

खतरे की सीमा वाली ऊंचाई 4 फुट दस इंच या एक सौ पैंतालीस सेंटीमीटर रखी गयी है । दाइयां महिला के गुहाद्वार के आकार का अन्दाजा उनकी ऊंचाई से लगा सकती हैं । अगर ऊंचाई 145 सेमी. से कम है तो इस महिला का प्रसव अस्पताल में होना चाहिए ।

(ख) 40 किलो से कम वजन की महिला का प्रसव भी अस्पताल में होना चाहिए ।

4. पुरानी गर्भावस्थाओं का बुरा इतिहास

बार-बार एबार्शन होना या बच्चा गिरना (छः महीने से कम का गर्भ)
मरा हुआ बच्चा पैदा होना
नवजात शिशु की मृत्यु (28 दिन से कम उम्र का बच्चा)
प्रसव में कठिनाई और शिशु का मर जाना
पिछला बच्चा आपरेशन से
पिछली गर्भावस्था में रक्तस्राव या प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव

इन सब स्थितियों में मरीज को जच्चा बच्चा केन्द्र या अस्पताल भेजना आवश्यक है क्योंकि ये सब स्थिति वर्तमान गर्भावस्था में फिर से पैदा हो सकती हैं ।

5. रक्त की कमी और कुपोषण वाली माताएं

रक्त की कमी वाली माताओं की पहचान आसानी से की जा सकती है । इनका रंग आमतौर से पीला होता है और होंठ, जीभ तथा नाखून पीले दिखाई पड़ते हैं । ये रोजमर्रा का काम करते हुए भी आसानी से थक जाती हैं और इनकी सांस फूलने लगती है । इनके खून में हीमोग्लोबिन की जांच होनी चाहिए और इनका आयरन तथा फोलिक एसिड की गोलियों से उपचार होना चाहिए । अगर इनके अन्दर खून की कमी पाई जाए तो इनको अस्पताल भेजना चाहिए क्योंकि ये कम वजन के बच्चों को जन्म देंगीं । अगर कम हीमोग्लोबिन के साथ ही इनका प्रसव होता है तो इनको भारी रक्तस्राव हो सकता है और शरीर में खून की कमी जानलेवा हद तक बढ़ सकती है ।

6. अधिक उल्टियां

सभी महिलाएं जानती हैं कि गर्भावस्था में आमतौर से मिचली और उल्टी आती है विशेषकर सुबह के समय । ये आमतौर से पहले तीन महीनों के बाद ठीक हो जाती है । अगर उल्टियां इसके बाद भी जारी रहती हैं और महिला खा पी नहीं पाती है तो यह चिन्ता की बात है । ये आमतौर से बीमार हो जाती हैं तेजी से वजन कम होता है जीभ और होंठ सूख जाते हैं पेशाब कम मात्रा में आता है और गहरे पीले रंग का होता है । इनको तुरन्त जच्चा बच्चा केन्द्र में भेजा जाना चाहिए ।

7. सिरदर्द, सूजन और आंख के आगे धुंधलापन

अगर गर्भवती महिला लगातार सिरदर्द की शिकायत करे तो इस ओर ध्यान देना चाहिए और उसके ब्लड प्रेसर की जांच नर्स द्वारा की जानी चाहिए । अगर उंगली की अंगूठी सख्त मालूम पड़े या चेहरे, हाथ और पांवों में सूजन हो तो ये गर्भावस्था के जहर के लक्षण हो सकते हैं और इनकी ओर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे इसके बाद वाली खतरनाक अवस्था, जैसे कि दौरे पड़ना या आंखें धुंधला पड़ना, वाली स्थितियों को रोका जा सके । यह माँ और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक है । इन माताओं को तुरन्त अस्पताल भेजना चाहिए ।

8. रक्तस्राव

गर्भावस्था के दौरान रक्तस्राव चाहे शुरू के या बाद के महीनों में हो, माता और बच्चे दोनों के लिए खतरनाक है । गर्भावस्था के दौरान लगातार धब्बे आने की भी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए । ऐसी महिला को केन्द्र में भेजा जाना चाहिए ।

9. पेट में बच्चा घूमना

जब तक माता को बच्चे का घूमना महसूस होता रहे – यह सुरक्षित है । बहुत सी महिलाएं सेंसिटिव होती हैं और बच्चे का घूमना यदि कम हो जाए या रुक जाए तो तुरन्त डाक्टर की मदद लेती हैं। उनको सिखाया जाना चाहिए कि यदि घूमना कम हो जाए या बहुत अधिक हो जाए तो तुरन्त डाक्टरी सलाह लेना चाहिए । दाई को पेट की मालिश नहीं करनी चाहिए ।

10. पानी की थैली फटना

(क) दिन पूरे होने से पहले ही

(ख) दिन पूरे हो गये हों लेकिन थैली फटने के 4-6 घंटे बाद भी दर्द न आ रहे हों

अगर पानी की थैली जल्दी फट जाए और प्रसव के दर्द अभी शुरू न हुए हों तो गर्भवती महिला को साफ कपड़े के पैड प्रयोग करने की सलाह देकर केन्द्र में भेजना चाहिए । देरी करने से बच्चा सांस लेने की कोशिश कर सकता है, द्रव को निगल सकता है, जो उसकी श्वास नलियों में जाकर सांस में मुश्किल पैदा कर सकता है जिससे बच्चा नीला होकर मर सकता है ।

11. बहुत बड़ा या बहुत छोटा पेट

दाई अपने अनुभव से बहुत बड़ा या बहुत छोटा पेट पहचान सकती हैं । बड़ा पेट होने पर एक से अधिक बच्चा हो सकता है या हाईड्राम्नियास (अधिक पानी) हो सकता है । छोटा पेट होने पर गर्भस्थ शिशु की बढ़ोत्तरी कम हो सकती है । दोनों ही स्थितियों में केन्द्र में भेजना आवश्यक है ।

12. उल्टा, टेढ़ा बच्चा या सिर ऊंचाई पर

अगर पहली गर्भावस्था के दौरान दाई पाये कि उल्टा बच्चा है या टेढ़ा है या सिर ऊंचाई पर है और नौवा महीना पूरा होने पर भी गुहा द्वार में प्रवेश नहीं किया है तो प्रसव कराने की कोई कोशिश नहीं करनी चाहिए और केन्द्र में भेज देना चाहिए ।

बहुधा यह देखा जाता है कि दाई केस को केन्द्र में भेजने से हिचकती है या नहीं भेजती है क्योंकि उसको अपनी प्रतिष्ठा, पैसा और काम खोने का भय होता है । उनको ये समझाना चाहिए कि यदि वे एक केस खराब करती हैं जिससे माँ या बच्चे की मृत्यु हो तो उनकी प्रतिष्ठा को अधिक खतरा होगा । इसके विपरीत यदि वे अधिक खतरे वाले केसों को समय पर केन्द्र में भेजें तो महिलाओं को जिंदा बच्चे होंगे और दाई की प्रतिष्ठा बढ़ेगी कि उसने सही समय पर सही निर्णय लिया । आमतौर से 10 में से 9 महिलाओं का गर्भ बिल्कुल सामान्य होगा और 1 महिला में ही खतरे की स्थिति होगी ।

याद रखने की बातें	गर्भावस्था मे खतरा कब ?
1. गर्भावस्था की संख्या	पहली या चौथी और उसके बाद
2. महिला की उम्र	18 वर्ष से कम 35 वर्ष से अधिक
3. (क) माता की ऊंचाई (ख) माता का वजन	4 फुट 10 इंच (145 से.मी.) से कम 40 किलो से कम
4. खराब इतिहास गर्भ का	बार-बार गर्भ गिरना मरा हुआ बच्चा प्रसव में कठिनाई आपरेशन (सीजेरियन) गर्भावस्था या प्रसव के दौरान रक्तस्राव
5. रक्त की कमी और कुपोषण	
6. सिर दर्द और सूजन	
7. (क) रक्तस्राव (ख) पेट में दर्द और रक्तस्राव	
8. बच्चे का घूमना	कम या अधिक
9. पानी की थैली फटना और 4-6 घण्टे में दर्द शुरू न होना	प्रसव में तेजी लाने के लिए इंजेक्शन देने से बचें
10. बहुत बड़ा या बहुत छोटा पेट	बड़ा – एक से अधिक बच्चा हाईड्रामनियास (अधिक पानी) छोटा – बच्चे का कम बढ़ना
11. उल्टा या टेढ़ा बच्चा और ऊंचा सिर	

सुखी परिवार

सभी लोग चाहते हैं कि उनका परिवार स्वस्थ हो । इसके लिए जरूरी है कि आमदनी से ज्यादा खर्च न हो । घर में रहने के लिए जगह काफी हो । सबके लिए काफी भोजन हो और परिवार इतना हो जितना संभल सके ।

बच्चे परिवार बढ़ाते हैं । वे परिवार की अमूल्य निधि हैं । उनका पालन पोषण सही हो, यह हर माता पिता का कर्तव्य है । बच्चे के पालन पोषण के लिए माँ का स्वस्थ होना कितना जरूरी है, यह आप सब जानते हैं । आप यह जानना चाहेंगे कि इन सब बातों के लिए माता पिता क्या कर सकते हैं ?

सबसे पहले यह आवश्यक है कि लड़के और लड़की की शादी तब की जाए जब वह समझदार हो चुके हों, परिवार की जिम्मेदारी खुद संभाल सकते हों और शारीरिक रूप से औरत बच्चे को जन्म देने लायक बन चुकी हो ।

इसके लिए जरूरी है कि शादी के वक्त लड़के की उम्र 21 साल से कम न हो और लड़की की उम्र 18 साल से कम न हो । यह कानूनी तौर पर भी जरूरी है । शादी होने के बाद कुछ समय पति पत्नी एक दूसरे को समझने में लगाते हैं । यह समय बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें नए परिवार की नींव रखी जाती है । इसलिए कम से कम एक दो साल बच्चे नहीं होने चाहिए । हो सके तो 20 साल की उम्र तक माँ नहीं बनना चाहिए । हो सके तो 30 साल की उम्र के बाद भी बच्चे नहीं होने चाहिए क्योंकि बड़ी उम्र के बाद बच्चा होना माँ और बच्चे दोनों के लिए ठीक नहीं है ।

